गन्ना बेल्ट में विलासराव देशमुख के दोनों बेटे प्रतिष्ठा की लड़ाई में फंसे

लातूर जिले में विरासत की जंग में देशमुख के बेटे अमित के सामने कांग्रेस के ही नेता शिवराज पाटिल की बहू अर्चना, पूरे जिले में मुस्लिम वोटरों का रुख अहम

नितिन यादव

लातूर जिले की राजनीति का जिक्र आते ही सबसे बड़ा नाम पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख का सामने आता है। शहर में घूमेंगे, तो उनका नाम कई सरकारी भवनों पर भी दिखाई देगा। उनके बाद विरासत को पहले बड़े बेटे अमित देशमुख ने संभाला और फिर छोटे बेटे धीरज देशमुख भी राजनीति में आए। दोनों ही विधायक बन गए। इस बार दोनों फिर से चुनावी मैदान में हैं और कड़े मुकाबले में फंसे हुए हैं।

लातूर गन्ना बेल्ट के लिए जाना जाता है और यहां पर देशमुख परिवार की कई चीनी मिलें भी हैं। मराठवाड़ा का अहम हिस्सा होने के कारण मराठा आरक्षण राजनीति का असर यहां भी दिखाई देता है। खास बात यह है कि भाजपा के महायुति गठबंधन ने इस बार कांग्रेस की मजबूत सीटों पर सबसे ज्यादा घेरेबंदी की है। इसी जिले से पूर्व गृहमंत्री शिवराज पाटिल भी आते हैं, तो पूर्व सीएम रहे संभाजी पाटिल निलंगेकर का परिवार भी यहां की राजनीति में अच्छी-खासी दखल रखता है। इस बार भी अलग-अलग सीटों पर इन बड़े परिवारों से उम्मीदवार मैदान में हैं। लातूर जिले में कुल कुल छह सीटें हैं और पिछली बार कांग्रेस, एनसीपी और भाजपा ने दो-दो सीटें जीती थीं।


अमित देशमुख


अर्चना पाटिल


धीरज देशमुख


रमेश कराड़

सबसे रोचक मुकाबला लातूर शहर की सीट पर

लातूर सीट पर विलासराव देशमुख जीतते रहे थे। उनके बाद उनके बेटे अमित देशमुख को यह सीट विरासत में मिली। पिता के नाम और अपनी साफ सुथरी छवि के कारण अमित तीन बार जीतने के बाद चौथी बार मैदान में हैं। यह अलग बात है कि इस बार समीकरण कुछ उलझे से नजर आ रहे हैं। फिल्म स्टार रितेश देशमुख भी भाई को जिताने के लिए प्रचार में लगे हुए हैं। दरअसल, इस बार कड़े मुकाबले की वजह भाजपा की प्रत्याशी अर्चना पाटिल चाकुरकर हैं। वह कांग्रेस के दिग्गज नेता और देश के पूर्व गृहमंत्री शिवराज पाटिल की बहू हैं। स्थानीय विशेषज्ञों का कहना है कि पूर्व गृहमंत्री पाटिल ने अभी खुले मंच से तो बहू के लिए प्रचार नहीं किया है, लेकिन अंदरखाने मदद की बात खूब कही जा रही है।

- **एक तरफ** तीन बार का विधायक होने के बावजूद विकास के ज्यादा काम न होने से स्थानीय लोगों में अमित से नाराजगी है। वहीं, अर्चना सामाजिक कामों से शहर से जुड़ी रही हैं। यह बात भी चल रही है कि अमित मुंबई में रहेंगे और अर्चना विधायक होने के बाद उनके बीच। कहानी में नया पेच प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाड़ी ने भी फंसा दिया है। उनके प्रत्याशी विनोद खटके के कार्यक्रमों में भीड़ उमड़ रही है। पहले दलित अच्छी संख्या में कांग्रेस को जाता रहा है। इस बार बंटवारा हो सकता है।

गन्ने के रस में छिपी है जीत की मिठास

मराठावाड़ा के बाकी हिस्सों की तरह लातूर ग्रामीण सीट पर भी वैसे तो मराठा और ओबीसी आरक्षण जैसी लड़ाई दिखती है। कांग्रेस प्रत्याशी मराठा तो भाजपा से पिछड़े वर्ग से हैं। यहां पर गन्ना किसान भी अहम वोटर हैं। इसी सीट पर विलासराव देशमुख के नाम से चीनी मिल है और उनके विधायक बेटे धीरज देशमुख दूसरी बार मैदान में हैं। गन्ना मिल से जुड़े किसान और गन्न संघों में देशमुख की पकड़ उनकी ताकत मानी जाती है।

- चीनी मिल के सामने ही ऑटो में बैठे तीन लोगों से जब चुनाव के बारे में पूछा गया, तो हंसकर कहा कि ये बड़े लोग हैं, आम आदमी से कम ही मिलते हैं। एक ने माधव नाम बताते हुए कहा कि देशमुख परिवार अच्छा तो है, लेकिन ऐसा नेता चाहिए जो उनके बीच रहे।
- इस सीट पर भाजपा से रमेश कराड़ देशमुख के सामने हैं। कराड़ लगभग 20 साल से स्थानीय राजनीति में सक्रिय हैं। भाजपा का संगठन भी यहां काफी मजबूत है। पिछले चुनाव में गठबंधन में यह सीट भाजपा से शिवसेना के हिस्से चली गई थी। तब नाराज भाजपाइयों ने नोटा दबाया था। मतगणना में 29 हजार वोट नोटा के निकले थे। जिला पंचायत के चुनाव में भाजपा ने यहां पर अच्छा प्रदर्शन किया था। धीरज के समर्थन में गन्ना किसान और मराठा वोट दिखते हैं तो रमेश को पिछड़ों का साथ दिखता है।

मुस्लिम वोटों पर नजर, मराठों में भाजपा की सेंध की कोशिश

पूरे जिले में ही मुस्लिम वोटर अहम साबित होंगे। किसी सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी नहीं हैं। कांग्रेस इससे आश्वस्त है कि यह वोट बैंक उनके खेमे में ही आएगा। मराठों के गढ़ में भाजपा ने कुछ सीटों पर मराठा प्रत्याशी उतारकर सेंध लगाने की कोशिश की है। ऐसे में पिछड़ी जातियों का रुख अहम रहेगा। यहां पर भाजपा की स्थिति पहले से मजबूत है। बंजारा जाति ज्यादातर उनकी ही ओर दिखाई देती है, तो अन्य पिछड़ों को भी एक मंच पर लाने की भाजपा की तैयारी पूरी दिखाई देती है। इन सबके बीच प्रकाश आंबेडकर दलित वोटरों को अपनी ओर करने में लगे हैं। पढ़े लिखे दलितों का मानना है कि अपनी ताकत दिखाने के लिए अलग से वोट डालने पड़ेंगे, जबकि ग्रामीण इलाकों में दलित वोटरों का मानना है कि जीत के साथ ही रहना अच्छा है।

निलंगा सीट पर दादा-पोता लड़ चुके हैं आमने-सामने

इस जिले की अहम सीटों में से एक निलंगा में हमेशा से ही रोचक मुकाबला रहा है। यहां से शिवाजी राव पाटिल निलंगेकर कांग्रेस से सीएम भी रह चुके हैं। उनके पोते संभाजी पाटिल भाजपा के मराठवाड़ा के बड़े नेता हैं। वह अपने दादा के खिलाफ दो चुनावों में उतरे हैं। एक हारे, तो एक बार जीते भी हैं। उसके बाद दो बार चाचा को हराया। चार चुनावों से परिवार के बीच हो रही लड़ाई को कांग्रेस ने इस बार खत्म किया है। कांग्रेस ने निलंगेकर परिवार की जगह अभय सालुंखे को उतारा है। उन्हें आक्रामक चेहरा माना जाता है और राज ठाकरे की मनसे में भी रह चुके हैं। उदगीर सीट पर सरकार के खेल मंत्री एवं एनसीपी अजीत गुट के प्रत्याशी संजय बनसोड़े के सामने शरद पवार की एनसीपी के सुधाकर भालेराव मैदान में हैं। अहमदपुर सीट में एनसीपी अजीत के बाबा साहब पाटिल और शरद पवार गुट के विनायक राव पाटिल आमने-सामने हैं। यहां भाजपा के बागी गणेश हाके ने मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है।

संथाल परगना में नौ हॉट सीटें...यहां मुकाबला आमने-सामने का

संथाल में मुख्यमंत्री, स्पीकर और तीन मंत्रियों की परीक्षा

भाजपा से कड़ी टक्कर, लगभग आधे दर्जन पूर्व मंत्री भी मैदान में

संजीत मंडल

देवघर। कहा जाता है कि झारखंड की सत्ता की चाबी संथाल परगना से होकर गुजरती है, इसलिए सभी दल यहां अधिक से अधिक सीटें जीतने की रणनीति के साथ मैदान में हैं। संथाल परगना में विधानसभा की 18 सीटें हैं। इनमें से सात सीटें एसटी के लिए और एक सीट एससी के लिए आरक्षित हैं। यहां सत्ताधारी दल झामुमो, कांग्रेस और गठबंधन दलों की सीधी टक्कर भाजपा से है।

संथाल परगना की नौ सीटें ऐसी हैं, जहां महामुकाबला देखने को मिल सकता है। इन सीटों पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उनके तीन मंत्रियों के अलावा विधानसभा के स्पीकर के साथ मुकाबला है। इसके अलावा इंडिया गठबंधन फोल्डर से पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की पत्नी निशात आलम, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, भाजपा के कार्यकाल में पूर्व मंत्री रहीं डॉ. लुईस मरांडी (अब झामुमो में), प्रदीप यादव, नलिन सोरेन की जगह उनके बेटे आलोक सोरेन, पूर्व मंत्री स्टीफन मरांडी चुनाव मैदान में हैं। वहीं, एनडीए गठबंधन से मुख्यमंत्री को टक्कर देने के लिए बरहेट में जमीन से जुड़े भाजपा नेता गमालियल सोरेन कमर कसकर उतरे हैं।

जामताड़ा में मंत्री इरफान (कांग्रेस) को टक्कर देंगी सीता सोरेन (भाजपा), वहीं महागामा में मंत्री दीपिका पांडेय सिंह को पूर्व विधायक अशोक भगत, पाकुड़ में निशात आलम को अजहर इस्लाम (आजसू) और मधुपुर से मंत्री हफीजुल के खिलाफ भाजपा के गंगा नारायण सिंह कड़ी टक्कर देने को तैयार हैं। जामा में झामुमो की लुईस मरांडी के खिलाफ भाजपा ने सुरेश मुर्मू, तो दुमका में बसंत सोरेन को टक्कर देने के लिए भाजपा के पूर्व सांसद सुनील सोरेन पूरी तैयारी के साथ मैदान में हैं। वहीं देवघर में पूर्व मंत्री सुरेश पासवान को दो बार के सीटिंग भाजपा विधायक नारायण दास के साथ मुकाबला है।



इन सीटों पर महामुकाबला

बरहेट विधानसभा (एसटी)
यह सीट शुरू से ही झामुमो के खाते में रही है। पिछले चुनाव में हेमंत सोरेन ने भाजपा के सिमोन मालतो को हराया था। सिमोन भाजपा छोड़ चुके हैं, इसलिए भगवा दल को भितरघात का खतरा है। इस बार हेमंत की सीधी टक्कर भाजपा के मालियल हेम्ब्रेज से होगी।

मधुपुर विधानसभा
यहां से मंत्री हफीजुल हसन मैदान में हैं। भाजपा ने फिर गंगा नारायण सिंह पर दांव खेला है। पिछले चुनाव में हफीजुल 23 हजार वोटों से जीते थे। बसपा के जियाउल हक उर्फ टार्जन मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटे हैं। यहां झामुमो को सत्ताविरोधी हवा का सामना करना पड़ सकता है, तो भाजपा भितरघात से जूझ रही है।

जामताड़ा : कांग्रेस के टिकट पर मंत्री डॉ. इरफान मैदान में हैं, तो भाजपा ने सोरेन परिवार की बहू सीता सोरेन को उतारा है। 2019 में इरफान 38 हजार से अधिक वोटों से जीते थे। 2005 में यहां विष्णु प्रसाद भैया ने कमल खिलाया था, इसके बाद भाजपा जीत नहीं सकी। सोरेन परिवार की बहू होने के नाते भाजपा को सीता से काफी उम्मीदें हैं। उन्हें एसटी वोटों का लाभ हो सकता है।

महागामा : मंत्री दीपिका पांडेय सिंह कांग्रेस के टिकट पर फिर मैदान में हैं। पिछले चुनाव में वह 12,499 वोटों से जीती थीं। भाजपा ने 2014 और 2019 के चुनाव में हारे अशोक कुमार भगत को उतारा है। अशोक कुमार 2014 में यहां से जीतकर विधायक बन चुके हैं।

जरमुंडी : लगातार दो बार से कांग्रेस के बादल पत्रलेख विधायक हैं। इस बार हैट्रिक की आस में हैं। वे हेमंत सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। भाजपा ने देवेंद्र कुंवर को उतारा है। पूर्व मंत्री के खिलाफ सत्ताविरोधी लहर बड़ा फैक्टर हो सकता है, वहीं, देवेंद्र को पूर्व विधायक हरिनारायण का साथ मिलने से मुकाबला रोचक रहेगा।

दुमका : झामुमो ने बसंत सोरेन को दूसरी बार उम्मीदवार बनाया है। उनके सामने दुमका के सांसद और जामा से विधायक रहे सुनील सोरेन मैदान में हैं। दुमका में घमासान के आसार हैं, हालांकि पिछले तीन चुनावों में 2009 और 2019 में झामुमो जीता। 2019 में हेमंत सोरेन 13,188 वोटों से जीते। उपचुनाव में झामुमो के बसंत सोरेन ने भाजपा की लुईस मरांडी को हराया।

बोरियो : इस सीट से 2024 में झामुमो छोड़ भाजपा में आये लोबिन हेंब्रम मैदान में हैं। वहीं, झामुमो ने स्थानीय नेता धनंजय सोरेन को उतारा है। लोबिन काफी कद्दावर नेता माने जाते हैं। उनकी आदिवासियों के बीच अच्छी छवि है।

जामा : जामा सोरेन परिवार की सीट रही है। शिबू सोरेन के बड़े बेटे दुर्गा सोरेन के बाद उनकी पत्नी सीता सोरेन यहां से जीतती रही हैं। इस बार झामुमो ने लुईस मरांडी को उतारा है। उन्हें भाजपा के सुरेश मुर्मू कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

पाकुड़ : यह सीट कांग्रेस के खाते में है। अल्पसंख्यक बहुल सीट से विधायक आलमगीर आलम पूर्व मंत्री रहे हैं। यहां से लगातार दो बार के विधायक आलमगीर अभी जेल में हैं। उनकी जगह पत्नी निशात आलम मैदान में हैं। उन्हें एनडीए के आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम टक्कर दे रहे हैं।

पंजाब नैशनल बैंक .....भरोसे का प्रतीक
pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

सर्कल सस्त्रा सेंटर : बुलंदशहर
सर्कल कार्यालय: बुलंदशहर पता: यमुनापुरम, बुलंदशहर, उ.प्र.-203001,
मो.: 9794963666, फोन : 05732-281724, ई-मेल: cobsrsamd@pnb.co.in; CS8212@pnb.co.in

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 व 9 के तहत जन साधारण हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी हेतु जन सूचना।

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपतियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा जन साधारण एवं विशेषत: ऋणकर्ताओं व गारंटरों को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूतित ऋणदाता के पास रेहन रखी गई/प्रभारित निम्न उल्लेखित अचल संपति, जिसका निर्माणात्मक/ भौतिक/ सांकेतिक कब्जा इस बैंक/प्रत्याभूतित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, इसे संबंधित ऋणकर्ताओं व गारंटरों से बैंक/प्रत्याभूतित ऋणदाता की बकाया देय राशि की वसूली के लिए यहां निम्न उल्लेखित तालिका में उल्लेखितानुसार तिथि को **"जैसे हैं जहाँ है आधार, जैसे है जो है तथा जो कुछ वहां है के आधार पर"** बेचा जाऐगा। आरक्षित मूल्य व धरोहर राशि जमा संबंधित संपतियों के प्रति निम्न तालिका में उल्लेखितानुसार है।

प्रत्याभूतित परिसंपतियों की अनुसूची

लॉट नं.	शाखा का नाम / एकाऊंट का नाम / ऋणकर्ता/गारंटरों खाता का नाम एवं पता	रेहन रखी गई अचल संपतियों का ब्यौरा/मालिक का नाम (संपतियों के रेहनकर्ता)	ए) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि / बी)------- को बकाया राशि / सी)सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा तिथि / डी) कब्जे का प्रकार सांकेतिक/भौतिक/ निर्माणात्मक	ए) आरक्षित मूल्य राशि रू. में / बी) ईएमडी / सी) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	प्रत्याभूतित ऋणदाताओं को ज्ञात ऋणभार की जानकारी
1.	पीएनबी -सिविल लाईन्स **श्रीमती ममता पत्नी श्री उदयवीर सिंह एवं श्री विशाल सिसोदिया पुत्र श्री उदयवीर सिंह** निवासी मकान सं. 18/128, कैलाशपुरी, बुलंदशहर-यूपी-203001	खेत सं. 1151/1 मोहल्ला सरसई लोधागन बुलंदशहर-203001 में स्थित लगभग 100.39 वर्ग मीटर माप का एक आवासीय प्लॉट, जो निम्न अनुसार पंजीकृत है : सब रजिस्ट्रार(पंजीकरण) बुलंदशहर के कार्यालय में इसकी बुक सं. 1, वोल सं. 5958, क्रम सं. 4239, 18.08.2020 द्वारा पंजीकृत 18.08.2022 को कार्यान्वित मूल पंजीकृत विक्री विलेख। सीमाएं इस प्रकार हैं : पूर्व : श्री राजकुमार का घर, पश्चिम : रास्ता (12फुट), उत्तर : श्री सतीश का घर, दक्षिण : श्रीमती कृपा देवी का घर।	A) 04.05.2024 B) Rs. 15,06,090.00 + 30.04.2024 से ब्याज C) 05.10.2024 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 32,96,000/- B) Rs. 3,29,600/- C) Rs. 10,000/-	26.12.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे	एनए
2.	पीएनबी -डिबाई **पराग गुप्ता** पुत्र राम शंकर गुप्ता, निवासी म. सं. 55, शीला सदन वाली गली, मोहल्ला महादेव डिबाई बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश-202393 **सरोज देवी** पत्नी राम शंकर एवं राम शंकर पुत्र मुंशी लाल, निवासी म. सं. 55, शीला सदन वाली गली, मोहल्ला महादेव डिबाई बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश-202393	सरोज देवी पत्नी राम शंकर एवं राम शंकर पुत्र मुंशी लाल के नाम में मोहल्ला महादेव, परगना, डिबाई, बुलंदशहर में स्थित 215.80 वर्ग मीटर माप क्षेत्र का एक नग अराजी। सीमाएं निम्न अनुसार हैं : पूर्व : बनवारी लाल का घर, पश्चिम : गोदाम एवं घर मुकरान, उत्तर : रास्ता, दक्षिण : श्रीमती प्रेम प्रसादजी गुप्ता की कोठी ***टाईटल डीड के अनुसार संपत्ति का विवरण***	A) 30.05.2024 B) Rs. 6,31,505.00 + 31.05.2024 से ब्याज C) 04.10.2024 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 49,72,000/- B) Rs. 4,97,200/- C) Rs. 10,000/-	26.12.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे	एनए
3.	पीएनबी -डिबाई **कालिम पुत्र शाहिद खान,** निवासी 35 मोहल्ला सरई बेरुनी, 3 नं. ट्यूबल, डिबाई बुलंदशहर। नसीम बानो पत्नी कलीम **निवासी 35 मोहल्ला सरई बेरुनी,** 3 नं. ट्यूबल, डिबाई बुलंदशहर उत्तर प्रदेश-202393	कालिम पुत्र शाहिद खान के नाम में मोहल्ला नई अबादी डिबाई, बुलंदशहर में स्थित 120.00 वर्ग मीटर माप के क्षेत्र का एक प्लॉट, सीमाएं निम्न अनुसार हैं : पूर्व : रास्ता 8 फुट चौड़ा, पश्चिम : अराजी इस्लाम, उत्तर : प्लॉट राजपाल, दक्षिण : मुंशी खान का घर। ***टाईटल डीड के अनुसार संपत्ति का विवरण***	A) 30.05.2024 B) Rs. 3,34,830.64 + 01.05.2024 से ब्याज C)04.10.2024 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 16,12,000/- B) Rs. 1,61,200/- C) Rs. 10,000/-	26.12.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे	एनए
4.	पीएनबी -डिबाई **नफीसा बेगम पत्नी श्री रईस अहमद,** निवासी 84, शेखम चिश्ती, डिबाई, जिला बुलंदशहर-202393 **श्री रईस अहमद पुत्र बुंदु खान,** निवासी 84, शेखम चिश्ती, डिबाई, जिला बुलंदशहर-202393	श्री रईस अहमद के नाम में मोहल्ला छोटा बाजार, डिबाई में स्थित 27.14 वर्ग मीटर क्षेत्र माप की वाणिज्यिक संपत्ति। सीमाएं निम्न अनुसार हैं : पूर्व : सचिव हरपाल का घर, पश्चिम : विष्णु का घर, उत्तर : खाली जगह नगर, दक्षिण : रास्ता 10 फुट चौड़ा ***टाईटल डीड के अनुसार संपत्ति का विवरण***	A) 30.05.2024 B) Rs. 4,83,695.00 + 01.05.2024 से ब्याज C) 04.10.2024 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 5,24,000/- B) Rs. 52.400/- C) Rs. 10,000/-	26.12.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे	एनए
5.	पीएनबी-डिबाई **गीता गुप्ता पत्नी गणेश चन्द्र,** नि. 11, मोहल्ला नमक मंडी, डिबाई बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश- 202393 **गगन अग्रवाल पुत्र गणेश चन्द्र** नि. 11, मोहल्ला नमक मंडी, डिबाई बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश- 202393	गगन अग्रवाल पुत्र गणेश चन्द्र के नाम पर जोगी पाड़ा डिबाई में स्थित 7.81 वर्ग मी. तथा 9.43 वर्ग मी. माप की क्रमश : कुल एरिया 17.24 वर्ग मी. माप की एक दुकान तथा आवासीय खाली प्लॉट। सीमाएं निम्नानुसार : पूर्व मंदिर की संपति, पश्चिम प्लॉट विक्रेता, उत्तर : विक्रेता की संपत्ति दक्षिण : रास्ता 3.4 मी. चौड़ा *** **संपत्ति का ब्यौरा टाईटल डीड के अनुसार**	A) 30.05.2024 B) Rs. 5,30,105.00 + 01.05.2024 से ब्याज C) 04.10.2024 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 2,77,000/- B) Rs. 27,700/- C) Rs. 10,000/-	26.12.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे	एनए
6.	पीएनबी - डिबाई **कयामुददीन उर्फ कयाम** पुत्र हाजी सत्तार नि. 50, मोहल्ला कस्सांवां डिबाई बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश- 202393 **ईशरत पत्नी कयाम** नि. 50, मोहल्ला कस्सांवां डिबाई बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश- 202393	कयामुददीन पुत्र अब्दुल सत्तार के नाम पर माता डिबाई, डिबाई, बुलंदशहर में स्थित एक दुकान एवं खाली प्लॉट एरिया माप 25.63 वर्ग मी. (दुकान : 8.60 वर्ग मी. तथा प्लॉट 17.03 वर्ग मी.) सीमाएं निम्नानुसार :- पूर्व : हरवंश का मकान, पश्चिम : रास्ता 4.5 मी. उत्तर : आराजी अबरार, दक्षिण : आराजी मुन्ना **संपति का ब्यौरा टाईटल डीड के अनुसार।**	A) 30.05.2024 B) Rs. 2,35,319.00 + 01.05.2024 से ब्याज C) 04.10.2024 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 14,21,000/- B) Rs. 1,42,100/- C) Rs. 10,000/-	26.12.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे	एनए
7.	पीएनबी-चंदौसी एमजी **शालिनी पत्नी श्याम सुंदर** निवासी पुष्पा विहार आवास विकास, चंदौसी, जिला सम्भल-202412	श्रीमती शालिनी पत्नी श्री श्याम सुंदर, श्रीमती कांता रानी पत्नी श्री कुशवक्त राय (Kushwaqt rai) एवं श्रीमती गीता रानी पत्नी श्री अनिल कुमार स्टेशन रोड चंदौसी जिला सम्भल के नाम में कुल क्षेत्र 17.16 वर्ग मीटर, बुक 01, खंड 396, पेज सं. 235 से 284 क्रम सं. 1807 दिनांक 06.04.2000 एसआरओ चंदौसी में पंजीकृत मोहल्ला बाजार बिसात खाना, चंदौसी सम्भल में स्थित संपत्ति के सभी जरूरी भाग। **टाइटल डीड के अनुसार सीमाएं :** पूर्वः सड़क, पश्चिम : श्री विनोद सर्राफ की संपत्ति, उत्तर : सोमपाल सिंह की दुकान, दक्षिण : श्रीमती शालिनी एवं श्रीमती कांता देवी की दुकान।	A) 07.10.2023 Rs. 40,28,346.47 + 01.10.2023 से ब्याज C) 27.02.2024 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 55,02,000/- B) Rs. 5,50,200/- C) Rs. 10,000/-	04.12.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे	एनए
8.	पीएनबी -सिविल लाईन्स **सुषमा सिंह पत्नी सुनील सिंह** म.सं. 41, शिवपुरी, बुलंदशहर, उ.प्र.-203001	श्री सुनील सिंह के नाम पर गांव भरौरी, अशरफपुर परगना अहार में स्थित 0.9610 हैक्टेयर एरिया माप की गैर कृषि संपत्ति। सीमाएं निम्नानुसार : पूर्व : खेत कुंवर ऋषभ देव सिंह, पश्चिम : खेत ठाकुर सुनील सिंह, उत्तर : सीमा गांव चथेरा, दक्षिणः खेत ठाकुर सुनील सिंह * **संपत्ति का ब्यौरा टाईटल डीड के अनुसार**	A) 20.05.2022 B) Rs. 2,45,21,117.11 + 01.04.2022 से ब्याज C) 21.11.2022 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 57,18,000/- B) Rs. 5,71,800/- C) Rs. 10,000/-	04.12.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे	एनए
9.	पीएनबी -सिविल लाईन्स **सुषमा सिंह पत्नी सुनील सिंह** म.सं. 41, शिवपुरी, बुलंदशहर, उ.प्र.-203001	***मैसर्ज एग्रो प्रोजेक्ट्स इंडिया खाता नं. 186, खसरा नं. 13,27,29M,33,34,38 गांव भरौरी, अशरफपुर, अहार सयाना *** श्रीमती सुषमा सिंह के नाम पर गांव भरौरी, अशरफ परगना अहार में स्थित 0.9610 हैक्टेयर एरिया माप की गैर कृषि संपत्ति। सीमाएं निम्नानुसार : पूर्व : खेत कुंवर ऋषभ देव सिंह, पश्चिम : खेत ठाकुर सुनील सिंह, उत्तर : सीमा गांव चतेरा, दक्षिणः खेत ठाकुर सुनील सिंह	A) 20.05.2022 B) Rs. 2,45,21,117.11 + 01.04.2022 से ब्याज C) 21.11.2022 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs. 1,75,62,000/- B) Rs. 17,56,200/- C) Rs. 10,000/-	04.12.2024 पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 04:00 बजे	एनए

यह बिक्री प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्न अतिरिक्त शर्तों के तहत होगी :
1. सम्पत्तियों की बिक्री "जैसे हैं जहाँ है आधार, जैसे है जो है तथा जो कुछ वहां है के आधार पर" पर की जाएगी।
2. उपरोक्त निर्दिष्ट अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार वर्णित किया गया है, परन्तु प्राधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत कथन या विलोपन हेतु उत्तरदायी नहीं होगा।
3. बिक्री वेबसाईट https://ebkray.in पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के जरिये अधोहस्ताक्षरी द्वारा 04.12.2024 व 26.12.2024 पर पूर्वा. 11.00 बजे की जाऐगी।
4. बिक्री की विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया https://ebkray.in & www.pnbindia.in पर जाएं ।

सरफेसी एक्ट 2002 के नियम 8(6) के तहत संवैधानिक बिक्री सूचना

दिनांक : 16.11.2024, स्थान : बुलंदशहर

प्राधिकृत अधिकारी,प्रत्याभूतित ऋणदाता, पंजाब नेशनल बैंक, सर्कल सस्त्रा सेंटर, बुलंदशहर